राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



कुंवैत में रामायण और महाभारत दोनों का अरबी में अनुवाद करने वालों से मिले मोदी



पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा आतंकी हमला, 16 सैनिकों की मौत, 8 घायल गंभीर

वर्ष-60 > अंक -357 रायपुर रविवार 22 दिसंबर 2024 विक्रम संवत 2081 डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25

## सम्भल के बाद जौनपुर में मिला मुस्लिम बस्ती में मंदिर, कब्रिस्तान के बीचो बीच शिवलिंग



एजेंसी

जौनपुर में भी सम्भल की तरह एक मुस्लिम बस्ती के बीच एक कब्रिस्तान के बीचों बीच शिवलिंग मिला है. जिस तरह से कब्रिस्तान के बीचों बीच प्राचीनतम शिवलिंग और क्षतिग्रस्त अवस्था में गणेश प्रतिमा मिली है उसे तो एक बात साफ हो गई है. जिस तरह से संभल में कल्कि भगवान का मंदिर मिला, उसे तरह से जौनपुर जनपद में भी कई स्थानों पर इस तरह के मंदिर और मूर्तियों को जाति विशेष के लोगों के द्वारा या तो दबा दिया गया या तो उन्हें कब्जा कर लिया गया है. सबसे बड़ी बात जिस तरह से मुस्लिम आबादी के बीच में और कब्रिस्तान के बीचों-बीच यह प्राचीन शिवलिंग मिला है तो तमाम तरह के प्रयास लगाए जा रहे हैं. इसमें एक बात तो सब देश में जब मुस्लिम शासक देश में शासन करने आए थे तो इस तरह से तमाम मंदिरों को मस्जिद और तमाम शिवलिंग और गणेश प्रतिमाओं से तमाम मूर्तियां को खंडित करने का प्रयास किया गया. इसका जीता जागता सबूत यह जौनपुर में कब्रिस्तान में शिवलिंग मिला। ह

## 43 साल बाद भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा

# मोदी का स्वागत : कुवैत में लगे भारत माता की जय के नारे

कुवैत में 101 साल के पूर्व IFS से मिले पीएम मोदी







कुवैत सिटी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत राज्य के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा के लिए कुवैत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कुवैत पहुंचे। यह 43 साल बाद भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है। यहां प्रवासी भारतीयों ने जोरदार तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। पीएम के स्वागत में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत माता की जय के नारे से पूरा कुवैत गूंज रहा था। पीएम मोदी ने कुवैत सिटी स्थित होटल में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देखा। प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने अपने देश आने का न्योता दिया था। पीएम का कुवैत दौरा दो दिवसीय है।

पीएम मोदी की कुवैत यात्रा, 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा, सीरिया में बशर अल-असद के शासन के पतन के दो सप्ताह बाद और गाजा में इज़राइल और हमास के बीच संभावित युद्धविराम समझौते के संकेतों के बीच हो रही है। कुवैत की यात्रा करने वाली आखिरी भारतीय प्रधान मंत्री 1981 में इंदिरा गांधी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होटल पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत किया गया। स्वागत में जुटे भारतीय समुदाय से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत शहर में 101 वर्षीय पूर्व IFS अधिकारी मंगल सैन हांडा से मुलाकात की।

### मोदी ने अपना वादा निभाया, नातिन ने किया था हांडा से मिलने का अनुरोध

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत में भारतीय विदेश सेवा (IFS) के पूर्व अधिकारी 101 वर्षीय मंगल सैन हांडा से मुलाकात की। पूर्व आईएफएस अधिकारी की नातिन श्रेया जुनेजा ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी से कुवैत यात्रा के दौरान उनके नाना मंगल सैन हांडा से मुलाकात करने का अनुरोध किया था। कुवैत पहुंचते ही पीएम मोदी ने अपना वादा निभाया है।**

## जौनपुर और मथुरा में पुलिस मुठभेड़, पकड़े गए गो तस्कर

**जौनपुर** । उत्तर प्रदेश के जौनपुर और मथुरा में पुलिस और गो तस्करों के बीच शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो अलग-अलग मुठभेड़ में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

जौनपुर के थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से गो तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तस्कर के पास से एक बाइक, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

सीओ विवेक कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि थाना मछलीशहर और सुजानगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने संदेह होने पर उनका पीछा किया। इस दौरान उनकी घेराबंदी की गई। हालांकि, तभी उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुए अहम फैसले

# पुरानी कार की बिक्री पर अब 18% जीएसटी

एजेंसी।



राजस्थान के जैसलमेर में वस्तु एवं सेवा कर परिषद की 55वीं बैठक चल रही है. इस दौरान कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जो सीधा आपकी जेब पर असर डाल सकते हैं. पुरानी कार पर टैक्स 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दिया गया है. यह ईवी पर भी लागू होगा. इसके साथ ही एएसी ब्लॉक, फ ोर्टिफ इड चावल और फ्लेवर्ड पॉपकॉर्न पर भी बड़े फैसले लिए जा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परिषद 50 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश वाले ऑटोक्लेव्ड एरेटेड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक एचएस कोड 6815 के अंतर्गत आएंगे. इनपर 18 प्रतिशत की जगह 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा. इससे फ्लाई ऐश की खपत को बढ़ावा मिलेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में पुरानी कारों बिक्री पर टैक्स की दर 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी गई है. इसमें इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाडियां भी शामिल हैं. इससे आपके लिए पुरानी कार खरीदना महंगा हो जाएगा.

परिषद ने मौजूदा रियायतों को जटिल बनाने की जगह फोर्टिफाइड चावल कर्नेल के लिए GST संरचना सरल बनाने की सिफ ारिश की है. ऐसे चावल पर जीएसटी को 5% तक कम किया गया है।

**नानकीन जैसा दिखे तो पॉपकॉर्न पर लगेगा 5 फीसदी जीएसटी** - रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न पर लगने वाले टैक्स के बारे में भी स्पष्टीकरण दिया गया है. अगर पॉपकॉर्न में नमक और मसाले मिलाए गए हैं और यह नानकीन जैसा दिखता है तो उसपर 5 फीसदी GST लगेगा. अगर यह इसके अलावा किसी और रूप में बेचा जाता है तो उसपर 12 फीसदी GST लगेगा. हालांकि अगर पॉपकॉर्न में चीनी मिलाया जाता है जैसा कि कारमेल पॉपकॉर्न तो इसपर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा. परिषद ने बीमा से संबंधित मामलों पर निर्णय को आगे की जांच के लिए स्थगित कर दिया है. इस विषय पर मंत्रिसमूह (जीओएम) की बैठक के दौरान कोई आम सहमति नहीं बन पाई थी।

### Gene therapy पर जीएसटी खत्म

बैठक में Gene therapy पर GST पूरी तरह से खत्म करने का फैसला किया गया है। वित्त मंत्री ने इसके अलावा ये भी कहा कि 2,000 रुपये के कार्ड पेमेंट पर एग्रीगेटर को राहत दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2,000 रुपये से कम के ट्रांजेक्शन को संभालने वाले पेमेंट एग्रीगेटर छूट के लिए एलिजिबल हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल को GST के दायरे में लाने पर चर्चा हुई लेकिन राज्यों में ATF पर GST को लेकर सहमति नहीं बनी है। अब बीमा प्रीमियम कराधान पर आगे चर्चा करने के लिए मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठक जनवरी 2025 में होने की उम्मीद है। इसके साथ ही फूड डिलीवरी ऐप को लेकर चर्चा भी आगे के टल गई है। वहीं रेट रेशनलाइजेशन पर जीओएम ने रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है।

## एलजी ने दी ईडी को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शराब नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है।

एलजी ने एक्साइज घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दे दी है। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और मई में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।



अयोध्या में योगी का बड़ा बयान

## 'औरंगजेब के वंशज रिक्शा चला रहे, ईश्वर की दुर्गति नहीं की होती तो ये दिन नहीं देखते'

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि औरंगजेब ने ईश्वर की दुर्गति की थी। इसी वजह से उसके वंशज कोलकाता में रिक्शा चलाते पाए गए। अगर औरंगजेब ने ऐसा नहीं किया होता तो आज उसके वंशजों की हालत बेहतर होती। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर विश्व मानव सभ्यता को बचाना है तो सनातन का सम्मान करना होगा। हमारे ऋषि मनीषियों ने हजारों वर्ष पहले वसुधैव कुटुम्बकम की बात कही।

सीएम योगी ने कहा ÷दुनिया के अंदर सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है, जिसने हर मजहब को विपत्ति के समय शरण दिया है, लेकिन कभी हिंदुओ के साथ ऐसा हुआ क्या? क्या हुआ बांग्लादेश में, उससे पहले पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान में क्या हुआ था?÷

### काशी और अयोध्या के साथ संभल का जिक्र

योगी आदित्यनाथ ने काशी और अयोध्या के साथ संभल का जिक्र करते हुए कहा ÷कभी काशी विश्वनाथ धाम, कभी अयोध्या में, कभी संभल में कल्कि अवतार की हरिहर भूमि, कभी भोजपुर में। हर समय हिंदुओ के मंदिरों को तोड़ा गया। पता चला कि औरंगजेब के खानदान का व्यक्ति कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा था। कभी उसने ईश्वर की दुर्गति नही की होती तो उसकी औलादों को ये दिन न देखना पड़ता।÷



## बांग्लादेश : हिंदू धार्मिक स्थलों पर हमले जारी, तीन मंदिरों में तोड़फ ोड़, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। एजेंसी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बदमाशों ने बांग्लादेश में तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया। इस दौरान मैमनसिंह और दिनाजपुर जिलों में आठ मूर्तियों को खंडित किया गया। पुलिस ने पुष्टि की है कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इनमें से एक घटना के सिलसिले में 27 वर्षीय एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

मंदिर सूत्रों और स्थानीय लोगों के मुताबिक हलुआघाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अबुल खैर ने शनिवार को बताया कि बदमाशों ने शुक्रवार तड़के हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर की दो मूर्तियों को खंडित कर दिया।

मैमनसिंह में गुरुवार और शुक्रवार की तड़के दो मंदिरों में तीन मूर्तियों को नष्ट कर दिया गया।

हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर पर शुक्रवार को हमला किया गया था, जबकि एक दिन पहले बीलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में एक और मूर्ति को खंड़ित दिया गया था।

इससे पहले, 29 नवंबर को चटगांव में तीन मंदिरों में नारे लगाने वाली भीड़ ने तोड़फोड़ की थी।

हमले की ये घटनाएं हिंदू पुजारी के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के चलते कई दिनों तक चले विरोध और हिंसा के बाद हुई। दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया, जिसके बाद उनके समर्थकों ने व्यापक प्रदर्शन किया।

## मोदी सरकार 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट' के मंत्र को चरितार्थ कर रही है

एजेंसी




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में उत्तरपूर्वी परिषद (ह्श्वष्ट) की 72वीं पूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य राव सिंधिया, त्रिपुरा के राज्यपाल श्री एन इंद्रसेना रेड्डी, मुख्यमंत्री प्रो (डॉ.) माणिक साहा और केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन उपस्थित थे। बैठक में अरुणाचल प्रदेश असम एवं मणिपुर, मेघालय मिज़ोरम, नागालैंड और सिक्किम के राज्यपाल और अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मेघालय के सामुदायिक एवं ग्रामीण विकास मंत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे नॉर्थईस्ट के लिए पिछले 10 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिस प्रकार इस क्षेत्र को दुनिया के फोकस में लाकर खड़ा किया है, वह पूरे नॉर्थईस्ट के लिए युगांतकारी है। श्री शाह ने कहा कि लंबे समय तक ये क्षेत्र दिल्ली के लिए सिर्फ भाषणों का मुद्दा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने विज़न और संवेदनशीलता के साथ इस क्षेत्र को विकास केन्द्र में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में अभूतपूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के कारण जहां दिल्ली से पूर्वोत्तर की भौगोलिक दूरी कम हुई ही है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिलों की दूरी को भी कम करने का काम किया है।

## इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के सार्वजनिक निरीक्षण पर प्रतिबंध




**एजेंसी।** केंद्र ने सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में संशोधन किया है। इस कदम की कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की है। जयराम रमेश ने कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया की तेजी से खत्म हो रही अखंडता के दावे की पुष्टि है। चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक जांच के लिए खुले दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया। चुनाव संचालन नियमों के पहले नियम 93(2)(ए) में कहा गया था कि चुनाव से संबंधित अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे।

नियम का संशोधित संस्करण कहता है चुनाव से संबंधित इन नियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे। कानून मंत्रालय और चुनाव अधिकारियों ने कहा कि एक अदालती मामले ने सरकार को नियमों में संशोधन करने के लिए प्रेरित किया। ऐसे मामले सामने आए हैं जहां नियमों का हवाला देकर ऐसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मांगे गए हैं। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि संशोधन यह सुनिश्चित करता है कि केवल नियमों में उल्लिखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं, और कोई भी अन्य दस्तावेज जिसमें नियमों का कोई संदर्भ नहीं है, उसे सार्वजनिक निरीक्षण की अनुमति नहीं है।

कुवैत | भारत और कुवैत ने संकटकाल में की एक दूसरे की मदद

# भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं, सागर और स्नेह का है

एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय कुवैत यात्रा पर शनिवार को कुवैत सिटी पहुंचे. यहां पर उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे हैं.

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे यहां पर मिनी हिंदुस्तान उमड़ा है. कुवैत सिटी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अभी आप क्रिसमस और न्यूईयर की तैयारियों में जुटे होंगे. मैं आप सभी को क्रिसमस, न्यूईयर और देश के कोने-कोने में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों के लिए बधाई देता हूं. उन्होंने कहा, आज निजी रूप से मेरे लिए खास पल रहा है. इसकी वजह है कि 43 साल यानी 4 दशक से अधिक समय बाद भारत को कोई पीएम कुवैत पहुंचा है.

आपको भारत से यहां आने में 4 घंटे लगते हैं, मगर किसी पीएम को यहां पर आने में 4 दशक लग गए. पीएम मोदी ने कहा कि आपमें से कितने ही साथी पीढ़ियों से कुवैत में रहे हैं. यहां पर कइयों मा जन्म भी हुआ. हर वर्ष यहां पर सैकड़ों भारतीय आपके समूह में जुड़ते हैं. आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है. आपने कुवैत के कैनवस पर भारतीयता का रंग दिया है. ऐसे में मैं आज यहां सिर्फआपसे मिलने ही नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए पहुंचा हूं।

### प्रवासी भारतीयों को दिया भारत आने का न्यौता

एजेंसी। कतर में संबोधन के उपरांत पीएम मोदी ने भारत में आयोजित होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन के लिये कतर के प्रवासी भारतीयों को न्यौता देते हुए कहा कि भुवनेश्वर में आयोजित इस सम्मेलन में जरूर शामिल होंवे तथा महाकुंभ में भी सम्मिलित होने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में अब्दुल्ला अल बैरन और अब्दुल लतीफअल नेसफसे मुलाकात की। अब्दुल्ला अल बैरन ने रामायण और महाभारत दोनों का अरबी में अनुवाद किया है। अब्दुल लतीफअल नेसफने रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण प्रकाशित किए हैं। उन्होंने पीएम मोदी को दोनों रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण भेंट किए।



## प्रधानमंत्री ने कुवैत में श्रमिक शिविर का दौरा किया

**एजेंसी।** कुवैत की यात्रा के अपने पहले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के मीना अब्दुल्ला क्षेत्र में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया, जिसमें लगभग 1500 भारतीय नागरिक काम करते हैं।प्रधानमंत्री ने यहां भारत के विभिन्न राज्यों से आए भारतीय कामगारों के साथ बातचीत की और उनका हालचाल जाना। श्रमिक शिविर का यह दौरा प्रधानमंत्री द्वारा विदेशों में भारतीय श्रमिकों के कल्याण को दिए जाने वाले महत्व का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने विदेशों में भारतीय कामगारों के कल्याण के लिए ई-माइग्रेट पोर्टल, मदद पोर्टल और प्रवासी भारतीय बीमा योजना को उन्नत करने जैसी कई प्रौद्योगिकी आधारित पहल की हैं।

# 3 लाख स्क्वायर फीट में बना श्री शिव महापुराण के लिए कथा पंडाल

**श्री शिव महापुराण के लिए भव्य होगी मंगल कलश यात्रा, 1100 माताएं और बहने मंगल कलश यात्रा में होंगी शामिल।**

लोकशक्ति।

रायपुर के नजदीक सेजबहार में आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा स्थल में तैयारी जोरो से चल रही है। 24 दिसंबर से अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के मुखारवृंद से भक्तों को भगवान शिव की कथा सुनने का अवसर मिलेगा। कथा स्थल में कार्यों की अधिकता को देखते हुए विभागों का कार्यकर्ताओं में बटवारा कर दिया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख कमल देवांगन और विनोद देवांगन के साथ देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि 35 विभागों का गठन कर विभागवार सभी को दायित्व दे दिया गया है। 300 से अधिक वालंटियर और लगभग 50 बाउंसरो की टीम तैनात रहेगी।

श्री शिव महापुराण आयोजन समिति के प्रमुख कमल देवांगन, विनोद देवांगन और देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओपी देवांगन ने तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लगभग तीन लाख स्कायर फिट में कथा पंडाल के साथ अन्य पंडाल बनाए गये है जहां रोज लगभग डेढ़ से 2 लाख भक्त कथाआचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारवृंद से भगवान भोलेनाथ की कथा का रसपान कर सकेंगे। वही आयोजक समिति ने यह भी बताया कि कथा स्थल पर भोजन और स्वच्छ जल की पर्याप्त व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की जाएगी। सुबह से लेकर रात तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था आयोजन स्थल के नजदीक में रहेगी जहां भक्तों को किसी तरह की कोई तकलीफ ना हो।



**1100 मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी**

श्री शिव महापुराण कथा स्थल से 1100 से अधिक की संख्या में माताएं और बहने पीत वस्त्र धारण कर भव्य मंगल कलश यात्रा में रवाना होगे इसके लिए मंगल कलश को सजाया जा रहा है। आयोजन समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कथा स्थल पर सेवादार आकर सेवा में लग गए हैं।

आयोजको ने बताया कि सेजबाहर कथा स्थल से 1100 माताएं और बहने मंगल कलश यात्रा लेकर सेजबहार से शिव मंदिर तालाब जायेंगी। जहाँ पूजा अर्चना के बाद कलश लेकर वापस कथा स्थल पर पहुंचेंगे।

## श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा 15वां जीण महोत्सव का भव्य आयोजन

रायपुर। लोकशक्ति।

श्री जीण माता सेवा समिति, रायपुर (छ.ग.) द्वारा 15वां जीण महोत्सव 22 दिसंबर 2024, रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे अंबा देवी मंदिर, सत्ती बाजार में श्री गणेश पूजन एवं आह्वान से होगा। इसके बाद माता का विग्रह कार्यक्रम स्थल रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी में लाया जाएगा।

समिति के सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 11:00 बजे से माता के अलौकिक श्रृंगार दर्शन और ज्योति प्रज्वलन के साथ भजनों की सुरमयी महफिल भजन अमृत गंगा का शुभारंभ होगा। इसमें प्रसिद्ध गायिका निशा सोनी (कलकत्ता) अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगी। साथ ही, सवामणी एवं छप्पन भोग का आयोजन भी किया जाएगा।

दोपहर 2:00 बजे से माँ जीण शक्ति मंगल पाठ (चलचित्र सहित) का आयोजन होगा। मंगल पाठ वाचक राजू निरानिया एंड ग्रुप (अबोहर) होंगे। इसके पश्चात पुनः भजनों की संध्या सजाई जाएगी।

कार्यक्रम का समापन रात्रि 9:30 बजे महाआरती के साथ किया जाएगा। श्री जीण माता सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि इस भक्ति पूर्ण आयोजन में शामिल होकर माँ जीण का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खास खबर

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर)।** न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 35 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जितेन्द्र कुमार बघेल 27 वर्ष न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 35 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज जांच में लिया है।

### ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर 24 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर,** )। इंडिया न्यूज पेपर का लिंक भेजकर 24 लाख 95 हजार से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेजस्वी वर्मा 33 वर्ष मिलन चौक संजयनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात नंबर से इंडिया न्यूज पेपर नामक लिंक आया और अच्छी कमाई का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने अपने खाता में 24 लाख 95 हजार 267 रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक चालक लाखों रुपए का सरिया लेकर फरार

**रायपुर,** ट्रक चालक 5 टन एमटी सरिया लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र राय 53 वर्ष बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 6107 को ड्राइवर सरीफ खान 54 वर्ष चलाता है। बताया जाता है कि चालक ने ट्रक में 5 टन एमटी सरिया लोड कर ट्रक लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हार्डवेयर दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख पार

रायपुर, 21 दिसंबर (आरएनएस)। दंतेश्वरी हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने गल्ला में रखे डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अविनाश अग्रवाल 46 वर्ष मोनेट रोड मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी का दंतेश्वरी हार्डवेयर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पहले मारा चाकू फिर सोशल मीडिया में डाला वीडियो

**रायपुर,** । रायपुर में चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. सोशल मीडिया पर चाकूबाज युवक खुलेआम गाली-गलौच करते हुए चाकू मारने की धमकी दे रहे है. एक बार फिर राजधानी में जेल से छूटकर आए आरोपी ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया है. युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फिर से चाकू मारने की धमकी दी। जानकारी के मुताबिक, मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. यहां एक 18 वर्षीय युवक आरव धोटे पर मोहल्ले के ही प्रीतम यादव ने हमला कर दिया. घटना 19 दिसंबर की शाम 7:30 बजे की है. आरव बाजार गया हुआ था, इस दौरान अमृत चौक के पास प्रीतम ने नुकीली चीज से दाहिने पैर पर वार कर दिया. जिससे आरव बुरी तरह से घायल हो गया. थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने पर आरोपी ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर दोबारा चाकू मारने की धमकी दी. इस वीडियो में आरोपी प्रीतिम अपने साथियों के साथ हाथ में धारदार हथियार लेकर दोबारा चाकू मारने की धमकी दे रहा है। घटना की जानकारी के बाद टिकरापारा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### आरक्षक ने फांसी लगाकर दी जान

**राजनांदगांव-रायपुर,** जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि आरक्षक का शव पेड़ में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, घटना खैरागढ़ का है। जहां आरक्षक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। बताया जा रहा है कि आरक्षक खैरागढ़ जालबांधा में पदस्थ था। आपको बता दें कि यहां आरक्षक भर्ती मामले में 14 संदेही की जांच हो रही थी। इस जांच में आरक्षक भी शामिल था। हालांकि आरक्षक किसी वजह से मौत को गले लगाया है इस बात की जानकारी समाने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस आरक्षक के शव को पीएम के लिए भेज कर मामले की जांच कर रही है। इधर इस घटना के बाद पूरे पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# भगवती की कृपा से विघ्न बाधाएं होती है दूर - पं. मनोज शुक्ला

रायपुर,।

शंकर नगर रायपुर मे आयोजित श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा में आज महामाया मन्दिर वाले भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला जी महाराज ने शुंभ - निशुंभ प्रसंग, राजा सुरथ व समाधि एवं नारद मोह की कथा विस्तार से सुनाई गई।

उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में सुरथ नामके एक परम धार्मिक राजा थे, वे परम उदार थे तथा प्रजा का पुत्रवत पालन करते थे। दुर्योगवश उनके मन्त्री शत्रुओं से मिल गये और शत्रुओं ने उन्हें पराजित करके उनका राज्य छीन लिया। निराश होकर राजा सुरथ वन में चले गये। एक दिन भूख-प्यास से व्याकुल अवस्था में परम तपस्वी सुमेधा मुनिके आश्रम में पहुँचे। मुनिके पूछने पर उन्होंने अपनी सम्पूर्ण कथा बतायी। दयालु मुनि ने उनका यथोचित सत्कार किया और उन्हें आश्रम में आश्रय प्रदान किया।एक दिन महाराज सुरथ एक वृक्ष के नीचे बैठकर अपने खोये हुए राज्य एवं परिवार के विषय में चिन्तन कर रहे थे। इतने में वहां एक वैश्य पहुंचा। उसका नाम समाधि था। उसके पुत्रो ने उसकी सम्पत्ति छीन लिया था और उसे घर से निकाल दिया था। परस्पर समान दुःख से दुःखी होने के कारण थोड़ी ही देर में राजा और वैश्य में प्रगाढ़ मैत्री हो गयी। फिर दोनों अपने शोक- निवारण का उपाय पूछने के लिये सुमेधा मुनिके पास गये और अपने कल्याण का उपाय पूछा। सुमेधा मुनि ने कहा- वत्स! कल्याण चाहने वाले पुरुषों को चाहिये कि मन, वचन और कर्म से भगवती महामाया की आराधना करें। भगवती की कृपा से सुख, ज्ञान और मोक्ष सब कुछ सहज ही सुलभ हो जाता है। भगवती की प्रसन्नता के लिये नवरात्र-व्रत, भगवती का पूजन, नवार्ण- मन्त्रका जप तथा हवन करना चाहिये। नवरात्र-व्रत सम्पूर्ण व्रतों में श्रेष्ठ हैं। भगवती की कृपा से तुम्हारी विघ्न-बाधाएँ दूर हो जायँगी।

इस प्रकार सुमेधा मुनि से उपदेश प्राप्त करके राजा सुरथ और वैश्य एक श्रेष्ठ नदी के तट पर गये,




वहां उन्होंने एक निर्जन स्थान पर बैठकर भगवती के मन्त्र का जप और ध्यान करना प्रारम्भ कर दिया।तपस्या करते हुए एक वर्ष का समय पूरा हो गया। दूसरे वर्ष उन लोगों ने सुखे पत्ते खाकर तपस्या की। तीसरे वर्ष की तपस्या में उन्होने सूखे पत्तों जल का भी त्याग कर दिया । कठिन तप से प्रसन्न होकर महामाया भगवती ने उन्हें साक्षात दर्शन दिया और कहा- तुम दोनों की तपस्या से मैं संतुष्ट हो गयी हूँ हे भक्तो! वर माँगो।देवी की बात सुनकर उन्होंने भगवती से अपने शत्रुओं के विनाश के साथ निष्कंलक राज्य की याचना की। भगवती ने कहा-राजन! अब तुम घर लौट जाओ। तुम्हारे शत्रु तुम्हारा राज्य छोड़कर लौट जायेगे। दस हजार वर्षो तक अखिल भूमण्डल का राज्य करने के बाद अगले जन्म में तुम सूर्य के यहाँ जन्म लेकर मनु के पद को प्राप्त करोगे।

भगवती ने वैश्य को भी तृप्त कर दिया। इस प्रकार सुरथ भगवती के कृपा प्रसाद से समुद्रपर्यन्त समस्त पृथ्वी का राज्य भोगने लगे और समाधि वैश्य ज्ञान प्राप्त करके मुक्ति पथ के पथिक बने। भगवती के पावन कृपा के इस प्रसंग को पढ़ने और मनन करने से ज्ञान, मोक्ष, सुख-शांति की प्राप्ति होती है इसमें कुछ भी संशय नही है।

पं. शुक्ला ने दैत्य शुंभ- निशुंभ के कथा का विस्तार से वर्णन किये तथा आगे की कथा मे नारद मुनि के मोह भंग की कथा सुनाई। नारद मुनि भगवान विष्णु की भक्ति में साधना करने बैठ गए। ज्ञानी-ध्यानी नारद मुनि को तप करते देख देवराज इंद्र को लगा कि कहीं नारद मुनि अपने तप के बल पर स्वर्ग की प्राप्ति तो नहीं करना चाहते! इस पर उन्होंने कामदेव को स्वर्ग की अप्सराओं के साथ नारद मुनि का तप भंग करने के लिए भेजा। लेकिन नारद मुनि पर कामदेव की माया का कोई प्रभाव नहीं हुआ। तब डरे हुए कामदेव ने नारद जी से क्षमा मांगी और स्वर्ग को लौट गए। कामदेव की माया से मुक्त रहने पर नारद मुनि को इस बात का अहंकार हो गया कि उन्होंने कामदेव पर विजय प्राप्त कर ली है। ऐसे में वह अपनी विजय का बखान करने श्रीहरि के पास बैकुंठ पहुंचे और उन्हें पूरी घटना बताने लगे कि कैसे उन्होंने कामदेव को जीत लिया। श्रीहरि विष्णु नारद जी के मन में आ चुके अहंकार को जान गए और उन्होंने अपने परम प्रिय नादर मुनि को अहंकार से मुक्त करने का निश्चय किया और अपनी माया से लीला रच दिया। जब नारद जी बैकुंठ से लौट रहे थे तो रास्ते में उन्हें एक बहुत सुंदर और समृद्ध नगर दिखा, जिसमें बहुत बड़ा राजमहल था। यह नगर श्रीहरि ने अपनी योगमाया से निर्मित किया था। नारद मुनि अपनी धुन में होने के कारण कुछ समझ नहीं पाए और इस नगर के राजमहल में पहुचें। राजा ने उनका भव्य स्वागत किया और अपनी पुत्री को बुलाकर नारद मुनि से कहा कि मुझे अपनी राजकुमारी का स्वयंवर करना है। आप इसका हाथ देखकर इसके भविष्य के बारे में कुछ बताइए। राजकुमारी के रूप को देखकर नारद जी मोहित हो गए। जब नारद जी ने उसका हाथ देखा तो हथेली की रेखाएं देखते ही रह गए। उसकी रेखाओं के अनुसार, उसका पति विश्व विजेता रहेगा और समस्त संसार उसके चरणों में नतमस्तक होगा। नारद जी ने यह बात राजा को ना बताकर दूसरी अच्छी बातें कहीं और वहां से चले गए। राजकुमारी का रूप और उसके हाथ की रेखाएं देखकर नारद जी वैराग्य को भूल चुके थे। विवाह की कामना लेकर नारद जी वापस बैकुंठ गए और विष्णुजी से खुद को रूपवान बनाने की विनती की। इस पर श्रीहरि ने कहा 'मुनिवर हम वही करेंगे, जो आपके हित में होगा और स्वयंबर मे नारद जी को नही बल्कि राजकुमारी ने भगवान विष्णु को वरमाला पहनाई। नारद जी क्रोध मे आकर भगवान् को मानव का जन्म मिलने व अपनी पत्नी का वियोग होने का श्राप दे दिया तब भगवान नारायण ने अपनी लीला समेटी तो नारद जी का अहंकार दूर हुआ और उसे अपने श्राप पर ग्लानि हुई और भगवान् से क्षमा मांगने लगे। भगवान् ने उसे क्षमा करते हुए अपनी भूल के लिए भगवती जगदम्बा की आराधना करने को कहा।

इस प्रकार भगवती महामाया सुख शांति प्रदान करने वाली तथा विघ्न बाधाओं को दूर कर गलतियों पर शीघ्र क्षमा करने वाली माता है। इसकी आराधना से बिगड़े काम बनते हैं तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। छाया अग्निवंशी परिवार द्वारा भगवती का आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तबादला

**रायपुर,** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय में पदस्थ उप सचिव और अवर सचिव लेवल के अधिकारियों को इधर से उधर किया है। संयुक्त सचिव विमला नावरिया को पशुधन विकास तथा मछली पालन विभाग से हटाकर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में पदस्थ किया गया है। वहीं उपसचिव शैलाभ साहू को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। इसी प्रकार श्रीमति सूर्यकिरण तिवारी उप सचिव को श्रम विभाग से योजना आर्थिक व सांख्यिकी विभाग भेजा गया है। अभिषेक अग्रवाल उप सचिव को सामान्य प्रशासन विभाग से गृह विभाग भेजा गया है। वहीं दीपक कुमार निकुंज अवर सचिव को सामान्य प्रशासन विभाग से राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीमती रूचि शर्मा अवर सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग को वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ साथ गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## मुख्यमंत्री ने किया दैनिक जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दैनिक जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने दैनिक जशपुरांचल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जशपुरांचल के संपादक श्री विजय त्रिपाठी सहित समाचार पत्र से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दैनिक समाचार पत्र जशपुरांचल ने 25 वर्षों की इस यात्रा में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आशा है कि जशपुरांचल इसी तरह उत्कृष्ट पत्रकारिता द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक करता रहेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय को जशपुरांचल के संपादक श्री विजय त्रिपाठी ने बताया कि 1999 में स्थापित दैनिक जशपुरांचल ने इस वर्ष 25 वर्ष का सफर तय किया है। इसी उपलक्ष्य में जशपुरांचल की रजत जयंती स्मारिका प्रकाशित की गयी है। इस रजत जयंती स्मारिका में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 1 साल में किये गए जनकल्याण के विविध कार्यो पर केंद्रित आलेखों का संकलन किया गया है। साथ ही स्मारिका में जशपुर अंचल की संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक स्थल, एडवेंचर स्पोर्ट्स, जनजातीय विशेषता आदि से सम्बंधित रुचिपूर्ण जानकारी शामिल की गयी है । इस अवसर पर श्रीमती प्रियंवदा सिंह जूदेव, विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी.दयानंद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## स्कूलों में 23 से शीतकालीन अवकाश

रायपुर, लोकशक्ति।

प्रदेश में शीतलहर का दौर शुरू गया है। दिसंबर से जनवरी तक पड़ने वाली ठंड का असर स्कूली बच्चों में देखने को मिल रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए ज्यादातर स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां शुरू हो गई है। देश के कई राज्यों में शीतकालीन छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में 23 से 28 दिसंबर तक 6 दिन की छुट्टी घोषित की गई है। 29 तारीख को रविवार है जिस कारण स्कूल बंद रहेंगे। इसके बाद स्कूल 30 दिसंबर से खुल जाएंगे। साथ ही पहाड़ी राज्य में तो सर्दी का सितम शुरू हो चुका है। कश्मीर सफेद चादर से ढक चुका है। ऐसे में वहां अच्छी खासी ठंड ने दस्तक दे दी है।

# गरिमापूर्ण मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, कलेक्टोरेट परिसर में सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ली तैयारियों के संबंध में बैठक

**रायपुर ।** पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमापूर्ण आयोजित करने के लिए कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग के उत्कृष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार करें। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ध्वजारोहण, मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल पर परेड कार्यक्रम, भाग लेने वाली टुकड़ियों का निर्धारण एवं रिहर्सल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा उत्कृष्ठ झांकी को पुरस्कार वितरण के साथ ही कार्यक्रम के उद्घोषक का निर्धारण किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार पार्किंग एवं ट्रेफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति का निर्देश दिया। पुलिस परेड ग्राउंड में साफ सफाई, अस्थाई शौचालय इत्यादि की व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ 24 जनवरी को रिहर्सल का भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## संपादकीय

### नुकसान की जवाबदेही तय हो

भाजपा के के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' के कुछ तत्व कुछ खोजी पत्रकारों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मिल कर भारत को अस्थिर करने में जुटे हुए हैं। ताजा संदर्भ अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में दायर मुकदमे का है, जिससे पार्टी ने पत्रकारों के समूह ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की इस समूह के बारे में कुछ समय पहले आई रिपोर्ट को जोड़ दिया है। एक से दूसरे तार को जोड़ते हुए भाजपा इस नतीजे पर पहुंच गई है कि भारत को अस्थिर करने की बड़ी साजिश रची गई है और उच्चतम स्तर के देशद्रोही (यह आरोप संसद में लगाया गया) हैं। देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है । यदि सोरस और सोनिया गांधी के कनेक्शन का मुद्दा उठाया गया था तो इस बात की जांच भी हो कि क्या वाकई में यह बात सत्य है। भविष्य में कोई भी साजिशों का मुख्य सरगना जनता की नजर में आये।



### हां वह ईमानदार है।

हां सचमुच यह सच है,
कि वह ईमानदार है
यह भी सच है
वह गरीब और फटे हाल है,
आपदाओं से घिरा हुआ,
मुसिबतों का साथी,
आफत का शिकार
परेशानियां उसे छोड़ती नहीं,
पर वह परेशान नहीं,
मायूस भी नहीं, थका हुआ है,
पर हारा हुआ कतई नहीं,
हां पर सच है वह ईमानदार है,
आज के मायनों में नहीं
सत्य के मायनों में,
यह भी सच है कि
उसके तीन बच्चे हैं
एक बेरोजगार,
शादी की उम्र की सीमा
लांघ चुकी
एक अविवाहित पुत्री,
छोटा पुत्र पालिका स्कूल का विद्यार्थी सब ईमानदारी के सताए हुए हैं, पत्नी इलाज के अभाव में
संसार से चल बसी,
लौट कर ना आने के लिए
यह सच है कि वह ईमानदार है,
परेशान भी है फटे हाल भी है,
थका है पर हारा हुआ नहीं है
ईमानदारी का मारा हुआ है,
अकेला नहीं है वह,
अभाव के बरगद की तरह अपने घर की दीवारों, बर्तनों कपड़ों पर्दों और बैठने की कुर्सियो,
अपने बच्चों सहित
पूरे कुटुंब को समेटे हुए है,
हां वह सचमुच ईमानदार है।

**- संजीव ठाकुर।**


QR CODE SCAN कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra-Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour


# वन नेशन, वन इलेक्शन से विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा

एस. सुनील



सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश, एक चुनाव' के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी।

जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे।

विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए?

क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे? ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं। सो, उसने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके उन सरकारों को बरखास्त किया, जिसकी वजह से एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। उसके बाद गठबंधन की राजनीति के दौर में केंद्र में और राज्यों में भी एक के बाद एक मध्यावधि चुनाव हुए। कहने की जरुरत नहीं है कि नब्बे के दशक का वह दौर देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब दौर रहा।

देश उस दौर से निकल आया है। अब राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। इसलिए अब उससे और आगे बढने् की जरुरत है। देश की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अगला चरण सभी चुनाव एक साथ कराने का है। ध्यान रहे भारत में चुनावों का ऐसा चक्र बना हुआ है कि हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद छह महीने में चार और राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले साल यानी 2025 में दो राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल 2026 में छह राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल भी छह राज्यों के चुनाव होने हैं।

इसी तरह साल दर साल चुनाव चलते रहते हैं और चुनाव भले किसी छोटे राज्य का हो लेकिन उस पर राष्ट्रीय दृष्टि लगी रहती है। लोग भी उसमें व्यस्त रहते हैं और विकास के कामकाज या तो ठप्प रहते हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो जाती है। राजनीतिक दल संगठनात्मक कार्यों और आम नागरिकों का राजनीतिक, सामाजिक प्रशिक्षण करने की बजाय चुनावों में व्यस्त रहते हैं तो सरकारें सकारात्मक व टिकाऊ विकास के कार्यों की बजाय लोक लुभावन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। एक साथ चुनावों के जरिए हर समय चलने वाले चुनावों पर विराम लगाया जा सकेगा और सरकारें टिकाऊ विकास के प्रति ज्यादा समर्पण के साथ काम कर सकेंगी। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके मुताबिक लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे और उसके एक सौ दिन के अंदर सभी स्थानीय निकायों के चुनाव हो जाएंगे।

इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। तभी एक साथ चुनाव कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 के बाद से देश बदलने वाले जो ऐतिहासिक निर्णय किए हैं यह भी उसी कड़ी का एक महान निर्णय है। इस निर्णय को 2017 में एक देश, एक कर' यानी वस्तु व सेवा कर, जीएसटी की व्यवस्था लागू करने और 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए को समाप्त कर जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह देश की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने वाला निर्णय है। सभी पार्टियों, नेताओं, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को अपने पूर्वाग्रह छोड़ कर इस निर्णय का समर्थन करना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भी स्थिरता आएगी और देश विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

**यह निजी विचार है ।**

### व्यक्तिगत जानकारी उजागर करते पैन और आधार कार्ड।

( गोपनीयता पर मंथन आवश्यक)

हिंदुस्तान की आबादी की 141करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास आधार कार्ड है और पैन कार्ड धारकों की भी संख्या अब करोड़ों में पहुंच चुकी है। ये आंकड़े सरकार के पास भी हैं जो अक्सर यह संदेह पैदा कतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है।

चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है ।जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूर्वानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षों से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी।

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है,ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है। आंकड़ों की उपलब्धता सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी है। किंतु सरकार को यह आश्वासन देना होगा कि एकत्रित आंकड़ों का किन्हीं भी परिस्थितियों में दुरुपयोग नहीं किया जाएगा और व्यक्ति की निजता पर किसी तरह की आंच आने की संभावना नहीं होगी। आज इंटरनेट हमें देख रहा है हमारी प्रत्येक गतिविधि पर नजर है, कल टीवी पर भी हमें देखेगा हमारी सूचियों की जानकारी रखेगा इससे यह लाभ होगा कि हमारा जीवन सरल हो जाएगा किंतु कीमत होगी हमारी निजता की इस पर खतरा ना हो तो सारी सुविधाएं मानवीय पहलुओं को सहायता करना ही है। आज के डिजिटल युग में हमें किसी किसी भी साइट अथवा किसी भी चैनल को अपना आधार कार्ड नंबर तुरंत नहीं बताना चाहिए इससे साइबर अपराध को बढ़ोतरी मिलती है एवं धन हानि की संभावना ज्यादा होने लगेगी।

**संजीव ठाकुर चिंतक । यह निजी विचार है।**

# अब साल 2024 खत्म होने को है

श्रुति व्यास

हम 2024 के अंतिम दौर में हैं और पीछे मुड़ कर जायज़ा ले सकते हैं कि साल कैसा गुज़रा। शुरू से शुरू करते हैं। सन 2024 की शुरूआत रामजी के स्वागत के साथ हुई। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन काफी तड़क-भड़क के साथ हुआ। भावनाओं का ज्वार उफान पर था। हर घर भगवान के स्वागत के लिए आतुर था और हर तरफ जय श्रीराम' के उद्घोष सुनाई दे रहे थे।

भगवा रंग फैशन में था और यहां तक कि दिल्ली के खान मार्केट को राम मार्केट' तक कहा जाने लगा था।

राजनीतिक पंडितों को पक्का भरोसा था कि नरेन्द्र मोदी की भाजपा जबरदस्त बहुमत के साथ सत्ता में वापिस आएगी।

कहा जाता है कि जो नैरेटिव निर्धारित करता है, जीत उसी की होती है। नैरेटिव पर मोदीजी का कब्ज़ा था।

जाहिर है जीत उन्हीं की होनी थी। यह भी कहा गया कि विचारधारात्मक कारणों' से आने वाला चुनाव महत्वपूर्ण होगा।

सर्दियाँ विदा हुई और वसंत आया। चुनाव अब काफी नज़दीक थे। शुरू में माहौल में न तो रोमांच था और ना ही शोर-शराबा। बल्कि चुनावी परिदृश्य काफी उदास सा था।

फिर, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाली के एक वक्तव्य ने देश का माहौल बदलकर रख दिया। पहले दौर का मतदान समाप्त होते-होते मूड में आया यह बदलाव भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी की चाल-ढाल में दिखता होने लगा।

अब की बार चार सौ पार' का नारा कहीं गुम हो गया। चुनावी भाषण काफी आक्रामक और निम्न स्तरीय हो गए। मंच से गालियाँ दी जानी लगीं। खतना, मुजरा आदि जैसे शब्द गूंजने लगे।

चुनाव प्रचार के दौरान अपनी यात्राओं में मुझे मोदी के बारे में कम, और विपक्ष के बारे में ज्यादा सुनाई देने लगा। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे एक सशक्त आवाज़ बन कर उभरे और उनके फेंस की संख्या बहुत बढ़ गई।

झारखंड में हेमंत सोरेन को जनता की हमदर्दी हासिल हुई। पश्चिम बंगाल में दीदी को जनता के दिल में अपनी जगह बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा और शेष भारत में छोटी-सी लाल किताब (संविधान) लोकप्रिय हो गई।

मतदान के सातों दौरों में, सूरज आग बरसाता रहा और मतदाता खामोश रहे। यहां तक कि मोदी के वाराणसी में भी कोई जोश नजर नहीं आया।

चार जून को भारत के मतदाताओं ने अहंकार और हेकड़ी को बुरी तरह से कुचला।

उन्होंने अतीत के बारे में झूठी बातों, प्रोपेगेंडा, मुखौटों और उन खतरों को भांप लिया जो भारत के इंडिया और इंडिया के भारत के सामने उपस्थित थे। भारत की जनता ने मोदी और उनके साथियों का कद घटा दिया।

और उनके गठबंधन को भी कमज़ोर कर दिया। जनता का विवेक जागृत हुआ और उसने विपक्ष को सशक्त बनाया। सबसे बड़ी बात यह कि उसने विपक्ष में भरोसा दर्शाया। और एक क्षण के लिए ऐसा लगा कि लोकतंत्र पुनःस्थापित हो गया है।



जबरदस्त गर्मी में मोदी के प्रति उन्माद कम ही महसूस किया गया। वे भी कम सक्रिय रहे और चुनावी गर्मी तथा मौसमी गर्मी से बचने लिए अधिक विदेश यात्राएं करने लगे।

उन्होंने घरेलू राजनीति, घरेलू राजनीतिज्ञों के भरोसे छोड़ दी। विज्ञापनों और उद्घाटन-शिलान्यास के कार्यक्रमों में कमी आई। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों में भी उनकी भागीदारी कम ही रही।

लेकिन सात महीने और एक जोरदार मानसून के बाद चार राज्यों में चुनाव हुए और मोदी व उनके लोगों का कद और ताकत दुबारा बढ़ गए।

खासतौर पर महाराष्ट्र में एक आश्चर्यजनक जबरदस्त जीत के बाद ऐसा लगता है कि मोदी ने अपना खोया हुआ आत्मविश्वास दुबारा हासिल कर लिया।

इस बीच विपक्षी एकता में दरारें साफ नजर आने लगीं। उनकी एकता टूटने लगी और उस पर सवालिया निशान लग गए। इंडिया गठबंधन का भविष्य एक बार फिर कम सुनहरा लगने लगा।

टूट-फूट, ताने, अनुचित टिप्पणियां होने लगीं, अहं के टकराव होने लगे, नेतृत्व को लेकर खींच-तान होने लगी और राज्यों के चुनाव अलग-अलग लडने् का सिलसिला जारी रहा।

जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, लोकसभा चुनाव के बाद से एक समृद्ध विरासत के ये वारिस केवल संसद के सत्रों के दौरान अतिसक्रिय नजर आते हैं।

बाकी समय वे वही दिखते हैं जिसके लिए वे मशहूर हैं ङ्क राजनीति के प्रति उदासीन।

यह भारतीय राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीति के मूलभूत तत्वों ङ्क संगठन, मतदाताओं को जोडने् और उत्साहित करने ङ्क में राहुल गांधी सक्षम और कुशल नजर् नहीं आ रहे हैं।

यह भी भारतीय राजनीति और विचारधारा के नैरेटिव की दृष्टि से दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी सक्रिय राजनीति से दूर होकर नेतृत्व किसी और को, मसलन अपनी बहन प्रियंका गांधी को, सौंपने के लिए तैयार नहीं हैं।

इन सात महीनों के दौरान अडानी के बारे में सही बातें कहने के बावजूद वे लोकसभा चुनाव में हासिल बढ़त को इस्तेमाल कर अपनी स्थिति और मजबूत बनाने में विफल रहे।

वे अपनी कमजोर होती और बिखरती पार्टी को पुनर्जीवित करने और उसे सुधारने में भी विफल रहे।

बल्कि जिस विचारधारा को अपनाया है, उसके चलते पार्टी काफी हद तक वामपंथ की ओर खिसक गई है ङ्क वह पार्टी जो पिछली पीढियों में उच्च-जातियों की एक मध्यमार्गी पार्टी मानी जाती थी।

अब साल खत्म होने को है। ठिठुरन भरी सर्दी और धुंध का दौर दुबारा आ गया है। उसके साथ ही पिछले साल की अनिश्चितता की स्थिति भी दुबारा बन गई है।

यह साल हमारे देश में लोकतंत्र के लिए अच्छा रहा। क्या नए साल में लोकतंत्र दुबारा लडखड़ाने लगेगा? क्या नरेन्द्र मोदी दुबारा वह सब हासिल कर लेंगे जो 2024 में उनसे छिन गया था? या फिर राहुल गांधी को जनता के रूख और उनकी जरूरतों का अहसास होगा और वे एक फुलटाइम राजनीतिज्ञ की तरह व्यवहार करना शुरू करेंगे? पहली स्थिति बनने की संभावना अधिक नजर आती है। हम देश में एक पूर्णतः नया माहौल बनते देखेंगे? क्या मतदाता अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे? क्या युवा, जिन्होंने मोदी के राज में सिर्फ बेरोजगारी भुगती है, हवा का रूख बदलेंगे? भारत में क्या बांग्लादेश जैसा कुछ होगा? या युवा भारत बटोगे तो कटोगे के नैरेटिव में खौया रहेगा। यह वह समय है जब हमें आने वाले वक्त के बारे में सोचना होगा, सोचना चाहिए। **यह निजी विचार है ।**

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 जारी की

दिल्ली। पीआईबी

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023' का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि 1987 से भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा द्विवार्षिक आधार पर भारत वन स्थिति रिपोर्ट को प्रकाशित किया जा रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण (भा.व.स.) सुदूर संवेदन उपग्रह आंकड़ों और फील्ड आधारित राष्ट्रीय वन इन्वेंट्री (रा.व.इ) के निर्वचन के आधार पर देश के वन और वृक्ष संसाधनों का गहन आकलन करता है और इसके परिणाम भारत वन स्थिति रिपोर्ट (भा.व.स्थि.रि.) में प्रकाशित किए जाते हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 इस श्रृंखला की 18वीं रिपोर्ट है।




रिपोर्ट में, वनावरण, वृक्ष आवरण, कच्छ वनस्पति आवरण, भारत के वनों में कार्बन स्टॉक, वनाग्नि की घटनाएं, कृषि वानिकी आदि विषयों पर जानकारी शामिल है। देश के स्तर पर वन स्वास्थ्य की विस्तृत तस्वीर पेश करने के लिए, वनावरण और वनों की महत्वपूर्ण विशिष्टताओं पर विशेष विषयगत जानकारी भा.व.स्थि.रि. में दर्शाई गई है। वर्तमान आकलन के अनुसार, कुल वन और वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग कि.मी. है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है। वनावरण का क्षेत्रफल लगभग 7,15,343 वर्ग कि.मी. (21.76 प्रतिशत) है जबकि वृक्ष आवरण का क्षेत्रफ्ल 1,12,014 वर्ग कि.मी. (3.41 प्रतिशत) है।

मननीय मंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि 2021 की तुलना में देश के कुल वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके भा.व.स द्वारा प्रदान की जाने वाली नियर रियल टाइम अग्नि चेतावनी और वन अग्नि सेवाओं पर भी प्रकाश डाला।

**प्रमुख निष्कर्षः** देश का वन एवं वृक्ष आवरण 8,27,367 वर्ग कि.मी. है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है, जिसमें 7,15,343 वर्ग कि.मी. (21.76 प्रतिशत) बनावरण और 1,12,014 वर्ग कि.मी. (3.41 प्रतिशत) वृक्ष आवरण है।

वर्ष 2021 की तुलना में, देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग कि.मी. और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग कि.मी. की वृद्धि शामिल है।

वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृ?द्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य हैं- छत्तीसगढ़ (684) वर्ग कि.मी.), उत्तर प्रदेश (559 वर्ग कि.मी.), ओडिशा (559 वर्ग कि.मी.) तथा राजस्थान (394 वर्ग कि.मी.) हैं।

वनावरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष तीन राज्य हैं- मिजोरम (242 वर्ग कि.मी.), गुजरात (180 वर्ग कि.मी.) और ओडिशा (152 वर्ग कि.मी.) हैं।

क्षेत्रफ्ल की दृष्टि से सबसे अधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले शीर्ष तीन राज्य हैं- मध्य प्रदेश (85,724 वर्ग कि.मी.), अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग कि.मी.) और महाराष्ट्र (65,383 वर्ग कि.मी.) है।

क्षेत्रफ्ल की दृष्टि से सर्वाधिक वनावरण वाले शीर्ष तीन राज्य हैं- मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग कि.मी.), अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग कि.मी.) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग कि.मी.) हैं।

कुल भौगोलिक क्षेत्रफ्ल की तुलना में वन आवरण के प्रतिशत की दृष्टि से, लक्ष?द्वीप (91.33 प्रतिशत) में सबसे अधिक वन आवरण है, जिसके बाद मिजोरम (85.34 प्रतिशत) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप (81.62 प्रतिशत) का स्थान है।

वर्तमान आकलन से यह भी जात होता है कि 19 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में 33 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र वनावरण के अंतर्गत हैं। इनमें से आठ राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों, जैसे मिजोरम, लक्ष?द्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में 75 प्रतिशत से अधिक वनावरण है।

कुल कच्छ वनस्पति आवरण 4,992 वर्ग कि.मी. है।

भारत के वन और वाह्य वन वृक्षों की कुल निधि 6430 मिलियन घन मीटर अनुमानित की गई है, जिसमें से 4479 मिलियन घन मीटर वनों के भीतर और 1951 मिलियन घन मीटर वन क्षेत्र के बाहर है। पिछले आकलन की तुलना में कुल निधि में 262 मिलियन घन मीटर की वृद्धि हुई है, जिसमें 91 मिलियन घन मीटर वनों के भीतर और 171 मिलियन घन मीटर वन क्षेत्र के बाहर की वृद्धि शामिल है।

देश में बांस धारित क्षेत्र का विस्तार 1,54,670 वर्ग किलोमीटर अनुमानित किया गया है। वर्ष 2021 में किए गए पिछले आकलन की तुलना में बांस क्षेत्र में 5,227 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।

# भारतनेट : सुदूर गांवों से स्मार्ट समुदायों तक

पीआईबी

तेजी से डिजिटल नवाचार से प्रेरित दुनिया में, इंटरनेट कनेक्टिविटी आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और शासन के लिए आधारशिला बन गई है। डिजिटल विभाजन विशेष रूप से ग्रामीण भारत में महत्वपूर्ण चुनौती थी, और इससे निपटने के लिए, भारत सरकार ने अक्टूबर 2011 में भारतनेट की शुरुआत की, जो महत्वाकांक्षी परियोजना है। इसका उद्देश्य देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को किफायती हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।



संचार मंत्रालय के तहत यह पहल, ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और शहरी और ग्रामीण समुदायों के बीच अंतर को पाटने का प्रयास करती है। भारतनेट मात्र बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं है; यह वास्तव में डिजिटल राष्ट्र की ओर भारत की यात्रा की रीढ़ है।

अगस्त 2023 में, सरकार ने संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दे दी। यह कार्यक्रम रिंग टोपोलॉजी में 2.64 लाख जीपी तक ऑप्टिकल फाइबर (ओएफ) कनेक्टिविटी द्वारा इंटरनेट पहुंच प्रदान करता है और मांग के आधार पर शेष गैर-जीपी गांवों (लगभग 3.8 लाख) को ओएफ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। एबीपी में 1,39,579 करोड़ रुपये की लागत पर डिजाइन में सुधार का लक्ष्य हैः

मांग के आधार पर गैर-जीपी गांवों में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी का प्रावधान

10 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव का प्रावधान, जिसमें केंद्रीकृत नेटवर्क ऑपरेटिंग सेंटर (सीएनओसी) के माध्यम से नेटवर्क अपटाइम की निगरानी और सेवा स्तर समझौते (एसएलए) के अनुसार परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) को भुगतान शामिल है। ग्राम पंचायतों और ब्लॉकों में पर्याप्त स्तर के पावर बैकअप का प्रावधान फाइबर मॉनिटरिंग के लिए ब्लॉक में रिमोट फाइबर मॉनिटरिंग सिस्टम (आरएफएमएस) का प्रावधान

**डिजिटल भारत निधिः फंडिंग भारतनेट**

डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) एक फंड है जिसका उद्देश्य भारत में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार करना है। इसे भारत सरकार द्वारा यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के प्रतिस्थापन के रूप में स्थापित किया गया था। डीबीएन के लक्ष्य हैंः

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली मोबाइल और डिजिटल सेवाएं प्रदान करना

**भारतनेट की कार्यप्रणाली**

भारतनेट दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम के रूप में कार्य करता है। यह परियोजना विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) अर्थात् भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, जिसे 25.02.2012 को शामिल किया गया है। 30.04.2016 को दूरसंचार आयोग ने परियोजना को तीन चरणों में लागू करने की मंजूरी दीः

## बांग्लादेश और पाकिस्तान की घटनाओ पर ब्राह्मण फेडरेशन ने चिंता जताई, कार्यवाही की मांग

एजेंसी

ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप ज्योति एवं राष्ट्रीय महामंत्री पंडित पदम प्रकाश शर्मा ने बांग्लादेश में हिंदू समाज के प्रतिनिधियों पर हो रहे बर्बरता पूर्ण हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए पाकिस्तान तथा बांग्लादेश की हिंदू समाज के प्रति होने वाली घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार से इस मामले में ठोस पहल की मांग की है.



फेडरेशन के महामंत्री पंडित पदम प्रकाश शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहा नवीनतम घटनाक्रम का ऐसा स्वरूप है जो जियो और जीने दो की प्रकृति के बिल्कुल विपरीत है. भारत में सभी धर्म के लोग शांतिपूर्ण ढंग से निवास कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में पाकिस्तान और बांग्लादेश की सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वहां पर अल्पसंख्यक हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करें, लेकिन इस मामले में वहां की सरकार ध्यान नहीं दे रही है और हिंदू समाज के प्रतिनिधियों को भय के वातावरण में जीना पड़ रहा है या स्थिति ठीक नहीं है.

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इस मामले में संज्ञान लेकर ठोस पहल करनी चाहिए. इस प्रकरण को लेकर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप ज्योति देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री को भी आग्रह कर चुके हैं.

इधर, चंडीगढ़ में सनातन धर्म के प्रतिनिधियों पर हो रहे हमलों को लेकर आयोजित आक्रोश रैली में फेडरेशन की कोर कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ पदाधिकारी यशपाल तिवारी ने संबोधन देते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में बांग्लादेश और पाकिस्तान की सरकार से बातचीत कर हिंदू समाज प्रतिनिधियों को राहत देने की मांग रखी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की.

## रेगिस्तान के नायकों से लेकर न्यूट्रास्युटिकल सुपरफूड तक- भारत का लक्ष्य ऊँटों का संरक्षण करना और ऊँटनी दूध उद्योग की संभावित क्षमताओ को सामने लाना है

पीआईबी।

**संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2024 को अंतर्राष्ट्रीय कैमेलिड वर्ष घोषित किया है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) ने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) तथा आईसीएआर - राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केंद्र- के सहयोग से शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 को राजस्थान के बीकानेर में 'भारत में ऊँटनी दूध मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने' को लेकर एक दिवसीय हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया।**



इस कार्यशाला का उद्देश्य गैर-गोजातीय (ऊँट) डेयरी मूल्य श्रृंखला के सतत विकास में योगदान देने वाली चुनौतियों को सुलझाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना और उसे आसान बनाना था, जिसमें इसके पोषक और चिकित्सीय मूल्यों शामिल हैं। इस कार्यशाला में राजस्थान और गुजरात के ऊँट पालकों, सरकारी अधिकारियों, सामाजिक उद्यमों, वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के साथ-साथ राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान- करनाल, सरहद डेयरी- कच्छ, लोटस डेयरी और अमूल के 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने भारत में गैर-गोजातीय दूध क्षेत्र, विशेष रूप से ऊँटनी दूध उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान करने और मूल्य-श्रृंखला में सभी हितधारकों को शामिल करके ऊँट पालकों के विकास के लिए स्थायी समाधान का पता लगाने हेतु विचार-विमर्श किया।

मुख्य भाषण के दौरान, पशुपालन एवं डेयरी विभाग (डीएएचडी) की सचिव सुश्री अलका उपाध्याय ने भारत में ऊँटों की घटती आबादी के बारे में बताया। उन्होंने ऊँटों की आबादी में और गिरावट को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया, साथ ही स्थायी चरागाह भूमि सुनिश्चित करने और ऊँट पालने वाले समुदायों का समर्थन करने में राष्ट्रीय पशुधन मिशन की भूमिका पर ज़ोर दिया। ऊँटनी के दूध की एक मज़बूत मूल्य श्रृंखला की ज़रूरत पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने संरक्षण प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए इसकी संभावित आर्थिक क्षमता पर ज़ोर दिया। उनके संबोधन में ऊँट किसानों तक पहुँच बढ़ाने का आग्रह किया गया, ताकि उनकी चुनौतियों को समझा जा सके तथा उनकी आजीविका और भारत में ऊँटों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लक्षित हस्तक्षेप प्रदान किया जा सके।

पशुपालन आयुक्त, डीएएचडी डॉ. अभिजीत मित्रा ने देश में ऊँटों की आबादी में गिरावट के कारणों पर एक संक्षिप्त अध्ययन करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने ऊँटनी के दूध के महत्व को उसके किसी और पहलू पर विचार के बजाय उसके पोषक और चिकित्सीय गुणों के लिए रेखांकित किया। उन्होंने ऊँटों के लिए न्यूक्लियस ब्रीडिंग फार्म और ब्रीडर्स सोसाइटी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस से मानव संक्रमण का खतरा फिलहाल कम : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी।** (जिनेवाजिनेवा ,21 दिसंबर । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल ही में बताया है कि इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) वायरस का खतरा फिलहाल दुनिया भर में कम है।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) के सहयोग से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक मूल्यांकन के बाद बताया है कि मानव संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित पशुओं या दूषित वातावरण के संपर्क में आने से होता है।

इसके मामलों में वृद्धि के बावजूद, कुल संख्या कम बनी हुई है, जिसका दुनिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। हालांकि, जानवरों से जानवरों में संक्रमण जारी है, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहां प्रभावी निवारक उपायों का अभाव है। इससे संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने वाले खेत मजदूरों और अन्य लोगों को विभिन्न प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ता है।

इसी साल 17 दिसंबर को जिनेवा में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एफएओ और डब्ल्यूओएएच के विशेषज्ञों ने वैश्विक एच5एन1 स्थिति का विस्तार से वर्णन किया तथा वायरस के संभावित विकास के बारे में चेतावनी दी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की उभरती बीमारियों की विशेषज्ञ मारिया वान केरखोव ने बताया कि 2024 तक एच5एन1 संक्रमण के 76 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन मामलों में से 61 मामले सिर्फ अमेरिका के हैं, जो मुख्य रूप से कृषि से जुड़े कार्य करने वाले लोगों में पाए गए हैं।

हालांकि एच5एन1 मुख्य रूप से पोल्ट्री वायरस है, जिसके मानव-से-मानव फैलाव का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन वैन केरखोव ने आगाह किया कि यह वायरस तेजी से अपने आप को ढाल सकता है।

मानव संक्रमण के अलावा, अमेरिका ने वन्यजीवों और पोल्ट्री में व्यापक एच5एन1 प्रकोप की सूचना दी है, साथ ही 15 राज्यों में डेयरी मवेशियों में हाल ही में संक्रमण की जानकारी दी है।

एफएओ में वरिष्ठ पशु स्वास्थ्य अधिकारी मधुर ढींगरा ने वैश्विक पोल्ट्री उद्योगों पर महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पर जोर दिया, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य और पोषण सुरक्षा को खतरा है। पोल्ट्री के अलावा, वायरस ने 500 से अधिक पक्षी प्रजातियों और 70 स्तनधारी प्रजातियों को संक्रमित किया है। इसमें कैलिफोर्निया कोंडोर और ध्रुवीय भालू जैसे लुप्तप्राय जानवर शामिल हैं, जो व्यापक पारिस्थितिकी परिणामों को रेखांकित करता है।

## इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बढ़ाये जाएंगे

एजेंसी।

भारी उद्योग मंत्रालय भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने को बढ़ावा दे रहा है। 29 सितंबर, 2024 को, मंत्रालय ने देश में ईवी अपनाने में तेज़ी लाने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने और ईवी विनिर्माण इको-सिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को अधिसूचित किया। इस योजना का बजट दो साल की अवधि के लिए 10,900 करोड़ रुपए है। कुल आवंटित बजट में से 2,000 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक व्हीकल पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) की स्थापना के लिए रखे गए हैं। विद्युत मंत्रालय ने 17 सितंबर, 2024 को ÷इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश-2024÷ जारी किए हैं, जिसमें देश में कनेक्टेड और इंटरऑपरेबल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क बनाने के लिए मानकों और प्रोटोकॉल को रेखांकित किया गया है।

विद्युत मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश में 25,202 इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) स्थापित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन की संख्या अनुलग्नक-ढ्ढ में दी गई है ।

विद्युत मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में 271 इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित हैं। स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन की जिलावार संख्या अनुलग्नक-।। में दी गई है।

नीति आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता इलेक्ट्रिक वाहनों की संरचना, चलने के पैटर्न, क्षेत्र और भूगोल, शहरीकरण पैटर्न, ईवी की तकनीक और चार्जिंग उपकरणों की तकनीक पर निर्भर करती है। चूंकि, ये सभी कारक अभी भी विकसित हो रहे हैं, इसलिए एक निश्चित संख्या में ईवी के लिए आवश्यक चार्जिंग पॉइंट की संख्या पर कोई वैश्विक सहमति नहीं है।

भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने आज राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

### उत्कृष्ट जांजगीर चांपा अभियान :

## मासिक परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों ने किया कुदरी बैराज का भ्रमण



जांजगीर चांपा /

### उत्कृष्ट जांजगीर चांपा अंतर्गत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न नवाचार

जांजगीर-चांपा /कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए नियमित मासिक परीक्षाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना, आज हमने क्या सीखा, पुस्तक दान अभियान, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट, शैक्षणिक भ्रमण सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अक्टूबर-नवम्बर माह की मासिक परीक्षा में जिले की 10वीं और 12वीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कुदरी बैराज भ्रमण के लिए ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मासिक परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को शिवरीनारायण, क्रोकोडाइल पार्क कोटमी सोनार एवं साइंस सेंटर रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया था । शिक्षा में नवाचार से जिले के छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी जो भविष्य में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक का सम्मान समारोह आयोजित



**जांजगीर-चांपा /** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के सुशासन का पहला साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकरी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि सम्मान समारोह में सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित श्री लखेश्वर यादव को एक लाख रू. का चेक, शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी श्री अशोक बंजारे को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल एवं व्हीलचेयर क्रिकेट स्पर्धा (कर्नाटका) में द्वितीय स्थान प्राप्त व्हीलचेयर खिलाड़ी श्री धनंजय यादव (कप्तान) एवं टीम को ट्रेक शूट एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्माति किया गया।

सम्मान समारोह के अवसर पर दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल, एवं श्रवणयंत्र एवं 150 वरिष्ठजनों एवं 70 दिव्यांगजन का सम्मान छड़ी व शाल श्रीफल देकर किया गया। इस अवसर पर शासकीय बहुदिव्यांग गृह सह छात्रावास में विभिन्न प्रतियोगिताओं मे कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बहु दिव्यांग 30 छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्यश्री विजय पाटले, डिप्टी कलेक्टर श्री सुमित बघेल, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. श्री दीपक जायसवाल, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. श्री संदीप कुमार साहू, उप संचालक समाज कल्याण श्री बी.एम.बेक अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी और दिव्यांगजन वृद्धजन आदि उपस्थित थे।

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से पीड़ित महिला को शिकायत करना हुआ आसान

### *महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ऑनलाईन शिकायत हेतु शी-बॉक्स पोर्टल लांच

**जांजगीर-चांपा /** कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों को दर्ज करने के लिये महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के द्वारा ऑनलाईन शिकायत प्रबंधन प्रणाली शी-बॉक्स पोर्टल लांच किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि यह पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत् शिकायतों को दर्ज करने और ट्रैक करने में मदद करता है। इस पोर्टल के माध्यम से महिलाऐं आसानी से गोपनीयता के साथ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज करा सकती है। यह पोर्टल शिकायतकर्ता की जानकारी को छिपाता है और गोपनीयता बनाये रखता है। इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के लिये पीड़ित महिला या कोई अन्य शिकायतकर्ता की ओर से आगे आ सकता है। शी-बॉक्स पोर्टल के आने से पीड़िता को समिति के समक्ष शिकायत करने हेतु उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, अपितु पीड़िता इसकी शिकायत गूगल में शी-बॉक्स पोर्टल के वेब साईट httpsÑ//shebo&.wcd.gov.in/ में जाकर कर सकती है। यदि शिकायत जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति (सबब) या आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के पोर्टल पर पंजीकृत है तो शिकायत अपने आप जमा हो जायेगी और संबंधित समिति को कार्यवाही हेतु स्थानांतरित कर दी जायेगी तथा संबंधित समिति के द्वारा उक्त अधिनियम के प्रावधानुसार पीड़िता की शिकायत पर कार्यवाही गोपनीय तरीके से की जावेगी।

## हितग्राहियों को 'विष्णु की पाती' का किया गया वितरण

एजेंसी

### सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक सम्मान कार्यक्रम आयोजित



जांजगीर चांपा /मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''सुशासन का साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' की थीम पर जनादेश परब मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखण्ड स्तरीय किसान सम्मेलन, कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कृषकों का सम्मान एवं किसान संगोष्ठी आयोजित की गई।कृषि उपज मंडी अकलतरा में आयोजित किसान सम्मेलन में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा जनता के नाम संदेश 'विष्णु की पाती' का वाचन किया।कलेक्टर श्री छिकारा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से चर्चा की एवं साथ ही कृषक उन्नति योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नवाचारी कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की । उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं प्रदेश के किसानों को लाभ पहुंचा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने कृषकों को 'विष्णु की पाती'का वितरण किया।कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर श्री दुर्गाप्रसाद अधिकारी,उप संचालक कृषि श्री भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

## अ.भा.विद्युत टेबल टेनिस में छत्तीसगढ़ उपविजेता

### टीम इवेंट में रजत, सिंगल्स एवं डबल्स में कांस्य

,एजेंसी



**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत पुरूष टेबल टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी को उपविजेता बनने का गौरव मिला है । छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी 1रजत और 2 कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। 19-21 दिसंबर 2024 को लखनऊ में आयोजित इस टूर्नामेंट मे 9 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक जिनको, कर्नाटक ट्रांसको , पश्चिम बंगाल, असम,तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल की स्टेट पॉवर यूटिलिटीज की टीमों से मुकाबला कर छत्तीसगढ़ की टीम ने टीम इवेंट में रजत, सिंगल्स एवं डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव [आई.ए.एस.]ने टीम को बधाई दी। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ टीम के पांच खिलाड़ी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।टीम इवेंट के फाइनल मैच में श्री रजनीश ओबेरॉय, समीर तिवारी, टी. पी सिंह, प्रशांत बापट व अनुराग शर्मा ने मुकाबला किया । टीम के मैनेजर श्री सागर पिंपलापुरे एवं कोच श्री संजीव केशकर ने बताया कि पिछले साल छत्तीसगढ के खिलाड़ियों ने टीम इवेंट व सिंगल्स में ही जीत हासिल की थी परंतु इस वर्ष डबल्स में भी टीम ने खिताब जीता है। यह हमारे लिए विशेष उपलब्धि है।

समापन समारोह मे उत्तर प्रदेश स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार [आई.ए.एस.] के मुख्य आतिथ्य में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## नाबालिक बालक द्वारा वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध यातायात पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही




फाईल फोटो

**जांजगीर चांपा /** सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए, यातायात नियमों का उलंघन करने वालो के विरूद्ध लगातार की जा रही है । इस कड़ी वाहन चेकिंग के दौरान 3 व्यक्तियों द्वारा शराब पीकर मोटर सायकल चलाए पाए जाने पर, वाहनों को जप्त कर चालकों के विरूद्ध धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है , जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा । यह कार्यवाही विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा* के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप* के कुशल मार्गदर्शन में यातायात पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिनांक 20 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें नाबालिक बच्चों के द्वारा वाहन चलाने, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन, तेज गति से वाहन चालाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने के विरूद्ध तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध अलग -अलग धाराओं के तहत 64 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के संबंध में वाहन चालकों को समझाईस दी जा रही है।



### आर्ट ऑफलिविंग परिवार द्वारा योग एवं ध्यान कराया गया.....

**जांजगीर चांपा** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार नैला जांजगीर के द्वारा विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर 21 दिसंबर को सुबह जांजगीर जेल में 300 से भी अधिक कैदियों को योग एवं ध्यान कराया गया एवं धार्मिक पुस्तकों का वितरण भी आर्ट ऑफलिविंग परिवार द्वारा किया गया, उन्हें नियमित रूप से ध्यान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए जानकारी दी गई द्यउसके पश्चात ब्रिलिएंट स्कूल के विद्यार्थियों को ध्यान कराया गया एवं सरस्वती शिशु मंदिर नैला में विद्यार्थियों को ध्यान एवं योग का जीवन में महत्व समझाते हुए गहन ध्यान कराया गया द्य उनके अनुभव भी लिए हसदेव स्कूल चांपा एवं डीपीएस स्कूल में भी ध्यान कराया गया द्य

### जनता के नज़रिए से भाजपा सरकार के 1 साल का रिपोर्ट कार्ड माइनस में - कांग्रेस

**रायपुर/।** भाजपा सरकार के द्वारा एक साल के रिपोर्ट कार्ड पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि बीते 1 साल के दौरान यह सरकार अपनी योजनाएं तो छोड़िए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को भी दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साय सरकार नाकाम साबित हुई है। कानून व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। जिन योजनाओं में बजट प्रावधान किया जा चुका था वह तक खा गए। किसान न्याय योजना की चौथी किस्त और बेरोजगारी भत्ता दिए नहीं, कोई काम किया होता तो अंक मिलते इस सरकार का प्रदर्शन तो नकारात्मक है, आम जनता के द्वारा जन अपेक्षाओं के रिपोर्ट कार्ड में यह सरकार माइंस मार्किंग में पहुंच चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जनता पर न कोई नया कर लगाया और न ही कर दरों मे कोई वृद्धि की उसके बावजूद जीडीपी वृद्धि दर औसत 8 प्रतिशत रहा। 2018.19 में कुल जीडीपी 3 लाख 25 हजार 644 करोड़ थी जो 2023 में बढ़कर 5 लाख 9 हजार करोड़ हो गयी। अर्थव्यवस्था के तीनो सेक्टर कृषि, सेवा और उत्पादन में राष्ट्रीय औसत से ज्यादा रहा। 2018 में प्रति व्यक्ति आय 84,000 से बढ़कर कांग्रेस की सरकार में 2023 तक 1,33,898 हो गया। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने आम जनता को गाइडलाईन दरो में 30 प्रतिशत की छूट दी थी, छोटे भूखण्डों की रजिस्ट्री आरंभ किया था जिसके चलते रियल एस्टेट फला-फूला, आम जनता के लिए अपने घर का सपना पूरा करने का मौका मिला। भाजपा की सरकार आने के बाद कर्ज पर कर्ज लिए जा रहे हैं लेकिन दिए किसी को कुछ भी नहीं। आयुष्मान कार्ड और रेडी टू ईट भुगतान रोक दिए, लंबित भुगतान के लिए राइस मिलर्स आंदोलित हैं, अनियमित कर्मचारी निकाले जा रहे हैं, ऊपर से 37,000 करोड़ का कर्ज।

## टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मूट कोर्ट का किया गया आयोजन

### सहायक कलेक्टर, न्यायाधीश और एडिशनल एसपी रहे मौजूद



**जांजगीर-चाम्पा /** जांजगीर के टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी, न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल, प्रगति चौहान और एडिशनल एसपी उमेश कश्यप मौजूद थे । मूट कोर्ट में एनडीपीएस के केस को लेकर छात्र-छात्राओं ने मंचन किया और छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग किरदार निभाया ।

एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने कहा कि मूट कोर्ट सीखने क़ा बड़ा माध्यम है । कोर्ट में सुनवाई के दौरान जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसी प्रक्रिया को आभासी और काल्पनिक रुप से मूट कोर्ट के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने केस का मंचन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जज, वकील, आरोपी, गवाह, पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई। मूट कोर्ट में पहुंचे अफसरों ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि मूट कोर्ट से निश्चित ही छात्र-छात्राओं को सीखने को मिलेगा । इस मौके पर आभा सिन्हा एचओडी , अभय सिन्हा, नरेश आजाद, अतिथि प्राध्यापक- प्रियंका मैम व योगेश पैकरा मौजूद थे । यहां छात्र जज ऋतिक शर्मा, लोक अभियोजक- शालिनी यादव, सरोज कुर्रे (सहायक) बचाव पक्ष- श्रीया अग्रवाल, समीर कुमार (सहायक) पुलिस अधिकारी- सुनील खूंटे, सुनील चौहान, संजय सोनी ,गवाह- रविंद्र लठियारे, सूरज कश्यप, सुमन पटेल , एस डी एम- सुधा निर्मलकर ,पटवारी- रीना , अभियुक्त- सम्मी नारंग ,पुकार कर्ता- सूरज गढ़ेवाल, स्टेनो- संतोषी , एंकरिंग- सोनाली व सोनिया की भूमिका में रहे ।

# अटल को समर्पित रहेगा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का 25वां साल

## अधोसंरचना विकास के लिए होंगे कई काम : 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट आज विधानसभा में पारित

**रायपुर,** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार का द्वितीय अनुपूरक बजट विधानसभा में पारित हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गए 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट आज विधानसभा में पारित किया गया।

पारित हुए अनुपूरक बजट को मिलाकर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के बजट का आकार कुल 01 लाख 55 हजार 580 करोड़ रुपए का हो गया है। इसमें मुख्य बजट के रूप में पारित 1 लाख 47 हजार 446 करोड़, प्रथम अनुपूरक बजट में 7 हजार 329 करोड़ रुपए और द्वितीय अनुपूरक बजट का 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रुपए शामिल है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। सरकार बनने के 12 दिनों बाद ही मोदी की गारंटी के अनुरूप सरकार ने 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान किया। शपथ ग्रहण के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय को अमल में लाते हुए 8 लाख हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त जारी की जा चुकी है। चौधरी ने कहा कि वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में 5 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होती थी। हमारी सरकार ने खरीफ वर्ष 2023 में रिकार्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मजदूर योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का भुगतान सरकार जल्द करेगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के जवाब में कहा कि हम लोग सरकार बनने के तीसरे महीने से ही महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। यह योजना राज्य की महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगी। इस योजना की लाभार्थी महिलाओं को ग्रामीण विकास बैंक द्वारा महतारी सशक्तीकरण योजना के माध्यम से 9 प्रतिशत ब्याज पर 25 हजार रुपए का लोन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वनांचलों में तेन्दूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए किया गया है। राज्य के साढ़े 12 लाख परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राजमोहिनी देवी तेन्दूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत बीमा का लाभ मिल रहा है। उनके लिए चरण पादुका योजना दोबारा शुरू कर रहे हैं।

अनुपूरक बजट पर चर्चा का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि हम वित्तीय अनुशासन के साथ सुधारवादी बजट लेकर आए हैं। तीसरे अनुपूरक बजट में प्रावधानित 806 करोड़ रुपए में से 508 करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के लिए और 298 करोड़ रुपए राजस्व व्यय के लिए है। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 250 करोड़ रुपए, नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के लिए 200 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

वित्तमंत्री चौधरी ने कहा कि राज्य शासन तेज आर्थिक और सुधारवादी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25वें वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप मनाया जाएगा। इसके तहत अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क, पुल, अस्पतालों और रेल लाईनों में पूंजीगत व्यय के लिए पर्याप्त राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़कों का काम आगे बढ़ रहा है। इनमें 4 राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के साथ ही रायपुर के सरोना चौक, तेलीबांधा चौक और धनेली में फ्लाई ओवर के निर्माण शामिल है। चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के अधोसंरचना की मजबूती के लिए भी हम पर्याप्त राशि दे रहे हैं। गीदम, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और मनेन्द्रगढ़ में 4 नए मेडिकल कॉलेजों के लिए 1280 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। रायपुर




मेडिकल कॉलेज के लिए 232 करोड़, सिम्स बिलासपुर के लिए 700 करोड़ और अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के लिए 109 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

## आईएएस सुबोध कुमार सिंह बने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव



**रायपुर,** राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सुबोध कुमार सिंह, भा.प्र.से. (1997) को प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्त किया है। सुबोध सिंह को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटने के बाद इस पद पर पदस्थ किया गया है। इस संबंध में आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। बता दें कि सुबोध कुमार सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1997 बैच के अफसर हैं। वे छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईएएस हैं और रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टर रह चुके हैं। वे हाल ही में केंद्र सरकार में स्टील मिनिस्ट्री में एडिशनल सेक्रेटरी और वित्तीय सलाहकार के पद पर थे। राज्य सरकार के अनुरोध पर वे छत्तीसगढ़ लौटे हैं और अब उन्हें राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया है।

## पत्थलगांव के घोघरा, मधुबन, बटुराबहार और खजरीधाप में हुए विभिन्न कार्यक्रम

जशपुरनगर,

सुशासन सप्ताह का आयोजन कर जिले के सभी विकासखण्डों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है साथ ही लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पत्थलगांव विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों व ग्रामों में महतारी वंदन हितग्राहियों का सम्मान, सुशासन दिवस, पौधेरोपण, स्वच्छता दीदियो का सम्मान और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें ग्राम घोघरा में महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का सम्मान किया गया। इसी प्रकार खजरीधाप में सुशासन दिवस पर स्वच्छता और पौधेरोपण, मधुबन में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता दीदियो का सम्मान तथा ग्राम पंचायत बटुराबहार में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

## नगर निगम रायपुर महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सुव्यवस्थित बनाने शीघ्र कार्यवाही करेगा

**रायपुर,** । नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा पंडरी के महालक्ष्मी मार्केट परिसर को रायपुर विकास प्राधिकरण के साथ समन्वय कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शीघ्र सुव्यवस्थित बनाने का कार्य 15 वें वित्त आयोग मद राषि से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के मार्गदर्षन में राजधानी शहर रायपुर को सुन्दर सुव्यवस्थित विकसित बनाने कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग की लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप रायपुर जिला प्रषासन के दिषा निर्देषों में नगर निगम द्वारा जनहित में जनसुविधाओं का विस्तार करने हेतु राजधानी शहर में अनेक कार्य किये जा रहे है। इस क्रम में महालक्ष्मी मार्केट पंडरी को व्यापारियों के अनुरोध पर पायलट प्रोजेक्ट तैयार कर शीघ्र सुव्यवस्थित किया जायेगा।



## आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों को लाया गया रायपुर



रायपुर, 21 दिसंबर (आरएनएस)। नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कच्चापाल कैंप से तीन किमी दूर नक्सलियों द्वारा लगाये हुए प्रेशर आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आकर घायल हुए जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर लाया गया है। घायल जवानों को राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चर रहा है।



होम्योपैथी रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेशनल होम्योपैथी सेमिनार।

## जंगल में शिकार करने वाले आरोपी पहुंचे जेल

एजेंसी।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम मोहनपुर के निवासी प्रताप वल्द मेहतर नेताम के निवास पर सर्च वारंट ज़ारी कर जांच समिति के द्वारा दबिश दी गई। तलाशी के दौरान प्रताप वल्द मेहतर नेताम के घर के अंदर से जंगली जानवर का मांस, जबड़े के टुकड़े, मांस को काटने-फाड़ने और छोटे-छोटे टुकड़े करने के लिए प्रयुक्त औजार पेंसूल बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान प्रताप के द्वारा बताया गया कि मेरे साथ मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम तथा एक अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर ने जंगली जानवर की शिकार को अंजाम देने के लिए वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के मोहनपुर परिसर से लगे जंगल पी.एफ258 में करंट तार बिछाकर जंगली जानवर (नीलगाय) का शिकार किया तथा टांगिया और पेन्सूल की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़े कर आपस में बांट लिया। शिकार में प्रयुक्त टांगिया को अनिल की निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया। जाँच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर जंगल के भीतर से उन स्थानों को दिखाया गया जहां पर आरोपियों ने करंट फैलाने के लिए प्रयुक्त तार को छुपाया था। उस रास्ते को दिखाया गया जिस रास्ते पर वह करंट तार बिछा कर शिकार किया गया। उन जगहों की भी शिनाख्ति की गई जिस स्थान पर उन्होंने जानवर को काटा था और टुकड़े कर आपस में बांटा था। संरक्षित वन क्षेत्र में करंट तार बीछाकर शिकार करने के अपराध में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत पी.ओ.आर क्रमांक 20735/14 दिनांक 17.12.2024 जारी कर दिनांक 19.12.2024 को प्रताप वल्द मेहतर नेताम, मुंशी वल्द जनार्दन यादव, अनिल वल्द गोकर्ण नेताम को गिरफ्तार कर जिला जेल कवर्धा में जुडिशिल रिमांड में भेजा गया है एक अन्य विश्वनाथ वल्द महावीर की गिरफ्तारी अभी शेष है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## मालगाड़ी से टकराए बाइक सवार, एक की मौत

**सूरजपुर-रायपुर,** जिले के बतरा रेलवे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है. रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बाइक सवार दो युवक मालगाड़ी से टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक घायल हुआ हैजानाकारी के मुताबिक, करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा रेलवे ट्रैक से मालगाड़ी के गुजरने का समय था. रेलवे क्रॉसिंग में फाटक नहीं होने से बाइक सवार ट्रैक पार करने लगे. इसी बीच अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में एक की मौत हुई तो दूसरा घायल हो गया है. यहां फाटक नहीं होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दर्दनाक हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला है. मृतक के नाराज परिजनों को काफी समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने शव को उठाया।

## रील वाली मैडल से मचा हड़कंप

बेमेतरा-रायपुर, 21 दिसंबर (आरएनएस)। जिले से टीचर मैडम के कारनामे का वीडियो सामने आया है। जो प्रतिदिन पढ़ाने की जगह रील बनाने में व्यस्त रहती है। जब स्कूली बच्चे इसका विरोध करते है तो टीसी काटने की धमकी देती है। बता दें कि बच्चों का वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। जांच कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

## टीटीई की संदेहास्पद हालत में मौत

दुर्ग-रायपुर, 21 दिसंबर (आरएनएस)। दुर्ग से विशाखापटनम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में ड्यूटी पर तैनात टीटीई राजेंद्र कुमार निर्मलकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। राजेंद्र कुमार निर्मलकर, जो भाटापारा के निवासी थे, वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात थे और उनकी मौत ट्रेन के सफर के दौरान हुई। ट्रेन जब टिटलागढ़, ओडिशा पहुंची, तो मृतक के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत के कारण संदिग्ध हैं, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जशपुर के गम्हरिया में चलाया गया स्वच्छता अभियान

0 सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर

**जशपुर,** )। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकास खंड में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर मनाया जा रहा है। इसी कढ़ी में जशपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत गम्हरिया में आज सेग्रीकेशन शेड परिसर में श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता दीदी,ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव एवं ग्रामीणों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोकहित भगत स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक मदन प्रेमी ब्लॉक समन्वयक दीपक साहू और जनपद के समस्त कर्मचारी ने अपनी सहभागिता दी। और गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने का संदेश दिया। साथ ही साथ डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए स्वच्छता दीदी एवं ग्रामीणों को को प्रेरित भी किया गया कि कचरा को इधर उधर न फेंके स्वच्छता दीदी को ही दे जिससे हमारा गांव साफसुंदर एवं स्वच्छ बना रहे।

## अपराधों के बढ़ते ग्राफ को लेकर कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास घेरेगा 23 को

रायपुर, )। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और नशाखोरी को लेकर युवा कांग्रेस रायपुर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है. राजीव भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने बताया।

# मुख्यमंत्री साय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 समापन समारोह हुए शामिल

**बेमेतर** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बेमेतरा जिले के विकासखंड मुख्यालय नाव नवागढ़ में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने यहां नवागढ़ में बाबा गुरु घासीदास जैतखाम में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री साय सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा साथ थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अतिथियों का स्वागत खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और सतनामी कल्याण समिति के सदस्यों ने गजमाला व पुष्प गुच्छ से किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। विष्णुदेव साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को अपनाते हुए हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपनी साधना और तपस्या के बल पर पूरे मानव समाज को एकता के सूत्र में बांधा। छूआछूत की भावना को दूर करते हुए सर्व समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर 209 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपये के 74 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण किया। इनमें 47 करोड़ 44 लाख 81 हजार रूपये के 24 कार्यो का भूमिपूजन और 161 करोड़ 67 लाख 76 हजार रूपये के 49 कार्यो का लोकापर्ण शामिल है। 'उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी और घरेलू सामग्री भी सौपीं।

मुख्य मंत्री साय ने नवागढ़ के कोदूराम दलित महाविद्यालय में एमकाम और साइंस विषय की 40-40 सीट की घोषणा की। अनुसूचित जाति बाहुल्य 10 ग्रामों में 10-10 लाख रूपये सी.सी. रोड निर्माण की घोषणा की। वही संबलपुर मेन रोड से बेलटुकरी होते हुए कटई तक लम्बाई निर्माण। 13 किमी. सड़कऔर बदनारा से गूंजेरा तथा परसदा होते हुए मारो तक लम्बाई निर्माण। 16 किमी सड़क की बजट में शामिल करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से लेकर अन्य स्थानों को विकसित करने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया। उन्होंने कहा कि एक साल के कार्यकाल में जो भी वादा था उसे पूरा किया गया है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)